PRGI Reg. No. : CTHIN/25/A1911

हिन्दी दैनिक

# लोकतंत्र प्रहरी

● वर्ष-01 ● अंक- 217 ● भिलाई, शनिवार 07 मार्च 2026 ● हिन्दी दैनिक ● पृष्ठ संख्या-8 ● मूल्य - 2 रुपया ● संपादक- संजय तिवारी, मो. 9200000214

## संक्षिप्त समाचार

### खाड़ी देशों की ओर जाने वाली 100 से अधिक उड़ानें रद्द, यात्री बोले-नहीं होनी चाहिए जंग

**नई दिल्ली।** मध्य पूर्व में जारी स्थिति की वजह से पश्चिम की ओर जाने वाली कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में देरी और समय-सारणी में बदलाव हो रहे हैं। खाड़ी देशों की ओर जाने वाली 100 से अधिक उड़ानें मंगलवार को रद्द कर दी गईं, जिसके चलते इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर यात्रियों की संख्या में भारी कमी देखने को मिल रही है। नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अपने मेहमानों के लेने आए खुर्रम शाहजहां ने आईएएनएस से कहा कि मुझे कई मेहमानों का स्वागत करना था, इसलिए मैं हवाई अड्डे के टर्मिनल तीन पर आया था। रिजर्वेशन काउंटर पर मुझे बताया गया कि फिलहाल कोई टिकट जारी नहीं किए जा रहे हैं। मुझे पता चला कि सुबह विमानों ने उड़ान भरी थी लेकिन वे भी वापस आ गईं । गल्फ कंट्री के लिए अभी कोई भी विमान उड़ान नहीं भर रहा है। दुबई, दोहा, कुवैत, बहरीन के लिए कोई भी फ्लाइट ऑपरेट नहीं हो रही है। किसी के पास कोई कंन्फर्म डेट नहीं है कि कब तक स्थिति सामान्य होगी। उन्होंने कहा कि स्टॉफ ने बताया कि आज, कल या पांच तारीख के बाद से स्थिति नॉर्मल भी हो सकती है। कुछ यात्रियों को उड़ान कैंसिल होने के मैसेज आए हैं, लेकिन अभी रिजर्वेशन के लिए कोई भी कुछ बता नहीं पा रहा है।

### मुआवजे में देरी पर एम्प्लॉयर को जेब से भरना होगा पैसा सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम के तहत पेनल्टी की रकम एम्प्लॉयर को खुद चुकानी पड़ेगी, भले ही मुआवजा इंश्योरेंस से कवर हो। कोर्ट ने कहा कि यह कानून कर्मचारियों की भलाई के लिए बना है, इसलिए इसकी व्याख्या लाभार्थियों के हक में उदार तरीके से होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कई पुराने फैसलों का हवाला देते हुए जोर दिया कि इस कानून को कर्मचारियों के पक्ष में देखना चाहिए। सेक्शन 4(3)(डु) के तहत पेनल्टी की जिम्मेदारी पूरी तरह एम्प्लॉयर पर है। कोर्ट ने दिल्ली हाई कोर्ट का वह आदेश रद कर दिया।

---

**छत्तीसगढ़ में दर्दनाक बस हादसा**

# ब्रेक फेल होते ही पलटी यात्री बस, पांच लोगों की मौत...

रायपुर/ संवाददाता

छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले से एक दर्दनाक सड़क हादसे की खबर सामने आई है। शुक्रवार को करडेगा कुनकुरी मार्ग पर एक यात्री बस अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में 5 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 14 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोग तुरंत राहत कार्य में जुट गए। मिली जानकारी के अनुसार, यह यात्री बस करडेगा से कुनकुरी की ओर जा रही थी। जैसे ही बस करडेगा चौकी क्षेत्र के गोड़ाअंबा गांव के पास पहुंची, अचानक चालक का नियंत्रण बस पर से हट गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि बस का ब्रेक फेल होने की आशंका जताई जा रही है। नियंत्रण खोने के बाद बस सड़क किनारे बने एक निर्माणाधीन भवन की दीवार से टकरा गई और पलट गई। बस के पलटते ही यात्रियों के बीच चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंच गए। हादसे के तुरंत बाद आसपास मौजूद लोगों ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए राहत कार्य शुरू कर दिया। उन्होंने बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकालने की कोशिश की और तुरंत पुलिस व प्रशासन को सूचना दी। कुछ ही देर में पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और घायलों को सुरक्षित बाहर निकालने का काम शुरू किया गया। मुख्यमंत्री कार्यालय के निर्देश पर तुरंत एम्बुलेंस सेवा सक्रिय की गई। घटनास्थल पर तीन एम्बुलेंस भेजी गईं, जिनकी मदद से घायलों को नजदीकी अस्पतालों में पहुंचाया गया। घायलों को कुनकुरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और होलीक्रॉस अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही है। इस दर्दनाक हादसे में मृतकों में एक छोटा बच्चा भी शामिल बताया जा रहा है, जिससे पूरे इलाके में शोक का माहौल है। पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर मौजूद है और हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। जशपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी जीएस जात्रा ने शुरुआती जानकारी में तीन मौतों की आधिकारिक पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ भी सकती है। फिलहाल प्राथमिकता घायलों के इलाज पर दी जा रही है। हालांकि स्थानीय सूत्रों के मुताबिक इस हादसे में अब तक पांच लोगों की मौत होने की खबर सामने आ रही है। प्रशासन ने इस हादसे की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि बस का ब्रेक फेल हुआ था या हादसे की कोई अन्य वजह थी।



#### इन लोगों की हुई मौत

*ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर कुनकुरी डॉ. श्रीमती के. कुजूर ने हादसे में 5 लोगों की मौत की पुष्टि की है। मृतकों में पति-पत्नी और पिता-पुत्र शामिल हैं। महेश राम (45) पिता रघु राम, ग्राम मकरीबंधा, तहसील दुलदुला बिमला (42) पति महेश राम, ग्राम मकरीबंधा, तहसील दुलदुला (पति-पत्नी) संपति देवी (52) पति केशवर राम, जिला सिमडेगा, झारखंड दिनेश्वर (40) पिता दिलभजन, ग्राम ढोढ़ी, तहसील कुरडेग, जिला सिमडेगा, झारखंड घनश्याम (5 साल) पिता दिनेश्वर, ग्राम ढोढ़ी, जिला सिमडेगा (पिता-पुत्र)*

#### घायलो से मिलने कौशल्या देवी साय पहुंची अस्पताल

*हादसे की सूचना मिलने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पत्नी कौशल्या देवी साय कुनकुरी अस्पताल पहुंचीं। उन्होंने घायलों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और डॉक्टरों को बेहतर इलाज व सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। घायलों का इलाज कुनकुरी, जिला अस्पताल और अन्य अस्पतालों में किया जा रहा है। 13 घायलों का स्थानीय अस्पतालों में उपचार जारी है।*

---

**कांग्रेस नेता राहुल गांधी का बयान**

## आज अंधकार की ओर बढ़ रहे राजनीति और अंतरराष्ट्रीय संबंध

कोल्लम। एजेंसी



कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि मौजूदा दौर की राजनीति में अंतरराष्ट्रीय संबंधों के मामले में हर कोई अंधकार की ओर बढ़ रहा है और ज्ञान से दूर जा रहा है। उन्होंने कहा कि चाहे राजनीति हो या अंतरराष्ट्रीय संबंध, एक-दूसरे को समझने का कोई प्रयास नहीं किया जाता और असहमति के मामलों में हिंसा का सहारा लिया जाता है। उन्होंने कहा, आज हम राजनीति में अंतरराष्ट्रीय संबंधों को देख रहे हैं कि हर कोई अंधकार की ओर बढ़ रहा है और ज्ञान से दूर जा रहा है। दूसरे व्यक्ति को समझने के प्रयास नहीं किया जाता है। बस, बम गिराकर उन्हें मार डाला जाता है। उन्होंने आरोप लगाया, हमारे यहां की राजनीति में भी यही हाल है। अगर आप किसी से सहमत नहीं होते, तो आप उस पर हमला करते हैं या उसके प्रति हिंसक हो जाते हैं। वह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और समाज सुधार संत श्री नारायण गुरु की मुलाकात की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी और नारायण गुरु दोनों ही इस तरह की हिंसा के विरोधी थे और जनता के बीच प्रेम, सम्मान, क्षमता और समझदारी की पैरवी करते थे। अपने संबोधन में आगे उन्होंने कहा कि संविधान में भी वे मूल्य समाहित हैं, जिनकी पैरवी नारायण गुरु और महात्मा गांधी ने की थी। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि महात्मा गांधी ने उस समय दुनिया के सबसे ताकतवर साम्राज्य से लड़ाई लड़ी थी और उनके साथ जो कुछ भी किया गया।

### राजस्थान के चूरू में होटल में हथियारबंद हमलावरों की गोलीबारी

**चूरू।** राजस्थान के चूरू जिले के एक आलीशान होटल में अंधाधुंध गोलीबारी की एक भयावह घटना घटी, जिसमें होटल मालिक की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह घटना जिले के बिदासर इलाके में स्थित होटल द रॉयल ट्रीट में रात करीब 12:30 बजे घटी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) जय यादव के अनुसार, तीन हथियारबंद बदमाश होटल परिसर में घुस गए और गोलीबारी शुरू कर दी। होटल मालिक मनीराम मंडा को कई गोलियां लगीं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। दादिबा निवासी तीन अन्य, भीखाराम जाट, श्रवण जाट और प्रभुराम प्रजापत इस हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए।

**अनिल अंबानी पर ईडी का बड़ा एक्शन**

## अंबानी के रिलायंस पावर से जुड़े 12 ठिकानों पर छापेमारी

नई दिल्ली/ एजेंसी



भारत के प्रमुख उद्योगपति अनिल अंबानी की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ती नजर आ रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार सुबह रिलायंस पावर और अनिल अंबानी से जुड़े कई कारोबारियों और संस्थाओं के ठिकानों पर बड़े पैमाने पर छापेमारी की है। सूत्रों के अनुसार, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में लगभग 10 से 12 अलग-अलग स्थानों पर एक साथ यह कार्रवाई शुरू की गई। इस अभियान को अंजाम देने के लिए ईडी की करीब 15 विशेष टीमों का गठन किया गया था, जिन्होंने सुबह-सुबह उन लोगों के पंजीकृत कार्यालयों और निजी आवासों पर तलाशी ली, जो इस पावर कंपनी से किसी न किसी रूप में जुड़े हुए हैं। एजेंसी के सूत्रों का कहना है कि यह हालिया छापेमारी रिलायंस पावर से जुड़े संदिग्ध फंड ट्रांसफर और जटिल वित्तीय लेन-देन की गहन जांच का हिस्सा है। हालांकि, शुक्रवार को हुई इस ताजा कार्रवाई को लेकर ईडी की ओर से अब तक कोई आधिकारिक सार्वजनिक बयान जारी नहीं किया गया है। इससे पहले भी ईडी ने अनिल अंबानी के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं। रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड से जुड़े बैंक धोखाधड़ी मामले में कार्रवाई करते हुए एजेंसी ने मुंबई के पाली हिल स्थित उनके आलीशान घर 'अबोड' को अस्थायी रूप से कुर्क किया था। इस संपत्ति की कीमत करीब 3,716.83 करोड़ रुपए बताई गई है।

---

**सीएम ने अजित को समर्पित किया बजट**

## पूर्व उपमुख्यमंत्री के नाम पर नागरिक पुरस्कार.....



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के इतिहास में आज एक भावुक और ऐतिहासिक क्षण देखा गया। मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आज विधानमंडल में साल 2026-27 का राज्य बजट पेश किया। यह पहला मौका है जब मुख्यमंत्री फडणवीस ने वित्त मंत्री के रूप में बजट भाषण पढ़ा। बजट की शुरुआत करते हुए फडणवीस का गला भर आया। उन्होंने पूर्व उपमुख्यमंत्री दिवंगत अजित पवार को याद करते हुए कहा, आज मेरा हृदय भारी है। अजित दादा ने 11 बार बजट पेश कर राज्य को वित्तीय अनुशासन दिया। यह बजट उन्हीं को समर्पित है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने महाराष्ट्र विधानसभा में बजट भाषण के दौरान घोषणा की कि अजित पवार की स्मृति में एक भव्य स्मारक बनाया जाएगा और उनके नाम पर राज्य स्तरीय 'नागरिक पुरस्कार' की शुरुआत की जाएगी। उन्होंने कहा कि अजित दादा के जाने से जो शून्य पैदा हुआ है, उसे कभी भरा नहीं जा सकता।

### उत्तर प्रदेश : ईको वैन और बस में टक्कर, 3 महिला और 3 पुरुष सहित 6 की मौत

**हाथरस।** उत्तर प्रदेश में हाथरस जनपद के सादाबाद कोतवाली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार सुबह सड़क हादसे में 3 महिलाएं और 3 पुरुष सहित 6 की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। जानकारी के अनुसार ईको गाड़ी संख्या डीएल 9सी बीई 9852 में सवार लोग दिल्ली के प्रेम नगर से धौलपुर (राजस्थान) जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही बस संख्या बीआर 06 पीजी 7942 ने कार को टक्कर मार दी। हादसे में 3 महिलाओं और 3 पुरुषों की मौके पर ही मौत हो गई। इसके अलावा 3 छोटे बच्चे और 3 अन्य व्यक्ति (दो पुरुष और एक महिला) गंभीर रूप से घायल हुए।

**अमेरिकी वित्त मंत्री ने की पुष्टि**

## ईरान-अमेरिका जंग के बीच भारत को बड़ी राहत ट्रंप ने दी 30 दिनों तक रूस से तेल खरीदने की छूट



**नई दिल्ली।** ईरान से जारी युद्ध के बीच अमेरिका ने भारत को रूसी तेल खरीदने की अस्थायी छूट दे दी है। अमेरिका का कहना है कि यह कदम वैश्विक बाजार में तेल की आपूर्ति बनाए रखने के लिए उठाया गया है। गौरतलब है कि इससे पहले अमेरिका ही भारत पर रूसी तेल खरीद बंद करने का दबाव बना रहा था। यह फैसला ऐसे समय में आया है जब स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में बड़ी संख्या में तेल के जहाज फंसे होने की खबरें सामने आ रहो हैं।गुरुवार को रॉयटर्स से बातचीत में दो वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि अमेरिकी सरकार ने 30 दिनों की अस्थायी छूट देने का फैसला किया है। इस छूट के तहत समुद्र में पहले से मौजूद रूसी तेल के कार्गो को भारत तक पहुंचाने और उनकी बिक्री जारी रखने की अनुमति दी जाएगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिकी सरकार में मंत्री स्कॉट बेसेंट ने भी इस फैसले की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि इस कदम का उद्देश्य वैश्विक बाजार में तेल की उपलब्धता बनाए रखना है। उनके अनुसार, ग्लोबल मार्केट में तेल की सप्लाई बनाए रखने के लिए अमेरिका भारतीय रिफाइनरियों को 30 दिनों तक रूसी तेल खरीदने की अनुमति दे रहा है.बिसेंट ने स्पष्ट किया कि यह छूट केवल उन कार्गो पर लागू होगी जो पहले से समुद्र में हैं। उनका कहना है कि इससे रूस को कोई बड़ा आर्थिक फायदा नहीं होगा, क्योंकि यह व्यवस्था केवल पहले से जारी लेनदेन तक सीमित है। इस बीच, अमेरिकी उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडौ ने कहा कि अमेरिका भारत की अल्पकालिक और दीर्घकालिक ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए उसके साथ मिलकर काम करेगा। फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच स्थित होर्मुज जलडमरूमध्य के ईरान द्वारा लगभग अवरुद्ध किए जाने के बाद वैश्विक स्तर पर तेल और गैस की कीमतों में बढ़ोतरी देखी गई है। दुनिया के कुल तेल और एलएनजी व्यापार का लगभग 20 प्रतिशत इसी जलमार्ग से गुजरता है। भारत अपनी लगभग 88 प्रतिशत कच्चे तेल और करीब 50 प्रतिशत प्राकृतिक गैस की जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर है।

---

**तेहरान में स्कूल पर हमला हुआ: ईरानी विदेश मंत्रालय**

# इस्राइल का दावा-50 लड़ाकू विमानों ने तबाह किया खामेनेई का भूमिगत बंकर हुआ, वीडियो जारी किया

तेल अवीव। एजेंसी

इस्राइली सेना ने दावा किया है कि उसके 50 लड़ाकू विमानों ने तेहरान में उस भूमिगत बंकर पर हमला किया है, जिसे ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के लिए बनाया गया था। इस्राइल ने एक बयान में दावा किया कि यह परिसर मध्य तेहरान की सड़कों के नीचे पूरी तरह फैला हुआ था और इसमें बैठक कक्ष भी शामिल थे। बयान में यह भी कहा गया कि खामेनेई की हत्या के बाद भी वरिष्ठ अधिकारी इस सुविधा का इस्तेमाल करते रहे। इसके अलावा, इस्राइली सेना ने ईरान के शहर कोम के एक औद्योगिक इलाके के लोगों को तत्काल वहां से बाहर निकल जाने को कहा है। आईडीएफ ने अपने फारसी भाषा एक्स खाते पर एक पोस्ट में कोम शोकोहियेह औद्योगिक क्षेत्र का नक्शा साझा किया। नक्शे में एक इलाके को लाल रेखाओं से चिह्नित किया गया है। सेना ने कहा कि वह यहां आने वाले कुछ घंटों में कार्रवाई करेगी। सेना ने लोगों से कहा कि नक्शे में दिखाए गए क्षेत्र को तुरंत खाली कर दें। इस्राइली सेना के मुताबिक, इस इलाके में रुकना लोगों की जान के लिए खतरा बन सकता है। वहीं, इरानी विदेश मंत्रालय ने आरोप लगाया कि अमेरिका और इस्राइली ने राजधानी तेहरान में एक प्राथमिक विद्यालय को निशाना बनाया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि हमला तेहरान के निलोफर स्क्वायर स्थित प्राथमिक विद्यालय पर हुआ। उन्होंने पोस्ट के साथ एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें स्कूल की कक्षाओं की खिड़कियां टूटी हुई दिखाई दे रही हैं और अंदर काफी मलबा फैला हुआ है। हालांकि, उन्होंने इस हमले में किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं दी। ईरान की राजधानी तेहरान और अन्य प्रमुख शहरों पर हवाई हमलों की एक नई और भयंकर लहर शुरू हो गई है। तेहरान विश्वविद्यालय के आसपास और आवासीय क्षेत्रों सहित कई स्थानों पर रात भर बड़े विस्फोट हुए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, तेहरान के पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी हिस्सों में बमबारी पहले के दिनों के मुकाबले कहीं अधिक तीव्र रही है। इसके अलावा, शिराज, इस्फहान और मिसाइल ठिकानों वाले करमनशाह में भी भारी विस्फोटों की सूचना मिली है। शिराज के जीबाशहर इलाके में हुए एक बड़े हमले में 20 लोगों की जान चली गई और 30 अन्य घायल हो गए।



**विशेषाधिकार समिति के सामने होंगे पेश**

## विधानसभा ने अरविंद की मांग खारिज की



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा सचिवालय ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को विशेषाधिकार समिति की बैठक का लाइव प्रसारण किए जाने की मांग पर आज पेश होने के समन जारी किए हैं। इसके साथ ही विधानसभा की ओर से भेजे गए आधिकारिक पत्र में कहा गया है कि समिति की कार्यवाही गोपनीय होती है और नियमों के तहत इसका लाइव प्रसारण संभव नहीं है। विधानसभा सचिवालय की ओर से 5 मार्च को जारी पत्र में लिखा गया है कि यह पत्र आपके दिनांक 3 मार्च 2026 के पत्र के संदर्भ में है, जो आपने 18 फरवरी 2026 को जारी समन के उत्तर में लिखा था, जिसमें आपने विशेषाधिकार समिति की कार्यवाही के लाइव प्रसारण का अनुरोध किया था। उप सचिव (विधान) सदानंद साह की ओर से लिखा गया है कि इस संबंध में अध्यक्ष ने मुझे सूचित किया है कि विशेषाधिकार समिति की कार्यवाही गोपनीय होती है।

# उड़ीसा से मोडिफाईड कार में पुष्पा स्टाईल से गांजे की तस्करी, पुलिस रेड में दो आरोपी गिरफ्तार

## आरोपियों से करीब 29 किलो गांजा, रिट्ज कार और दो मोबाइल समेत 17.65 लाख की संपत्ति जब्त

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के दिशा निर्देशन रायगढ़ पुलिस द्वारा मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन आघात के तहत थाना लैलूंगा और साइबर थाना की संयुक्त टीम ने उड़ीसा से गांजा तस्करी कर ला रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से करीब 29 किलो गांजा, गांजा परिवहन में प्रयुक्त मारुति सुजुकी रिट्ज कार और दो मोबाइल जब्त किए हैं। आरोपियों द्वारा फिल्म 'पुष्पा' की तर्ज पर कार के दरवाजों और बैक लाइट में विशेष चेंबर बनाकर गांजा छुपाया गया था, ताकि पुलिस जांच से बचा जा सके। इस कार्रवाई में कुल 17.65 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति जब्त की गई है तथा फरार सप्लायर एवं सरगना के विरुद्ध भी नामजद अपराध पंजीबद्ध किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में जिले में मादक पदार्थों पर पूर्ण अंकुश लगाने के उद्देश्य से ऑपरेशन आघात संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि पत्थलगांव क्षेत्र का एक व्यक्ति उड़ीसा से गांजा लाकर



रायगढ़ होते हुए अन्य राज्यों में सप्लाई करता है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी सिंह द्वारा थाना लैलूंगा एवं साइबर थाना की संयुक्त टीम को आरोपियों की धरपकड़ के निर्देश दिए गए। 01 मार्च को सूचना मिली कि दो व्यक्ति चॉकलेट रंग की मारुति सुजुकी रिट्ज कार से उड़ीसा से गांजा लेकर पाकरगांव लैलूंगा की ओर आ रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा पाकरगांव अटल चौक के पास घेराबंदी की गई। शाम करीब 6 बजे संदिग्ध कार दिखाई देने पर पुलिस ने वाहन को रोकने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी पुलिस को देखकर वाहन को कच्चे रास्ते की ओर मोड़कर भागने लगे। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर वाहन को रोक लिया। वाहन में सवार आरोपियों ने अपना नाम श्रवण कुमार निषाद और महेन्द्र प्रसाद चौहान बताया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने गांजा तस्करी से इंकार किया, लेकिन पुलिस को मिली सटीक सूचना के आधार पर वाहन की बारीकी से जांच की गई, जिसमें कार के दरवाजों और बैक लाइट के अंदर बनाए गए गुप्त चेंबर से गांजा बरामद हुआ। आरोपी श्रवण कुमार निषाद के कब्जे से करीब 19.033 किलोग्राम गांजा तथा आरोपी महेन्द्र प्रसाद चौहान के कब्जे से करीब 10.082 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। इसके अलावा गांजा परिवहन में प्रयुक्त मारुति सुजुकी रिट्ज कार और दोनों आरोपियों के मोबाइल फोन भी जब्त किए गए। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि रामकुमार कुजूर निवासी महेशपुर थाना पत्थलगांव जिला जशपुर द्वारा उन्हें उड़ीसा से गांजा लाने के लिए प्रति 10 किलो गांजा पर 10,000 रुपये देने का लालच दिया गया था। दोनों आरोपी उड़ीसा जाकर गांजा लाए और उसे कार में छुपाकर रामकुमार कुजूर तक पहुंचाने जा रहे थे। इस मामले में थाना लैलूंगा में आरोपी श्रवण कुमार निषाद, महेन्द्र प्रसाद चौहान और फरार आरोपी रामकुमार कुजूर के धारा 20(बी), 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है, जबकि फरार आरोपी रामकुमार कुजूर की तलाश जारी है।

# मंच पर महाभारत : कृषि महाविद्यालय कार्यक्रम में सियासी संग्राम

## मंत्री की मौजूदगी में हाथापाई की नौबत



**अंबिकापुर।** प्रतापपुर ब्लॉक के घोन्धा में कृषि महाविद्यालय भवन के भूमिपूजन का मंच विकास के संदेश से ज्यादा राजनीतिक असहजता का केंद्र बन गया। कार्यक्रम के बीच भारतीय जनता पार्टी के दो पदाधिकारी मंच पर ही आमने-सामने आ गए और विवाद इतना बढ़ा कि हाथापाई की नौबत आ गई।

### भूमिपूजन में भाजपा पदाधिकारी भिड़े

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कार्यक्रम में रामानुजगंज विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 7 के विधायक और कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम तथा प्रतापपुर विधायक शकुंतला पोर्ते की मौजूदगी थी। इसी बीच प्रदेश पदाधिकारी अनूप गुप्ता और मंडल अध्यक्ष मुकेश तायल के बीच मंच पर बैठने की व्यवस्था को लेकर बहस छिड़ गई। कुछ ही मिनटों में बहस तीखी नोकझोंक में बदली और मंच पर हो-हल्ला मच गया। आयोजन समिति के सदस्य और स्थानीय कार्यकर्ता स्थिति संभालने की कोशिश करते रहे,लेकिन तनाव खुलकर सामने आ चुका था।

### हाथापाई की नौबत,अतिथि असहज

विवाद इतना बढ़ा कि धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई। मंच पर मौजूद अतिथि और कार्यकर्ता स्तब्ध रह गए। माहौल असहज होते देख वरिष्ठ नेताओं और आयोजकों ने बीच-बचाव किया और किसी तरह स्थिति को काबू में लिया। कार्यक्रम की रूपरेखा तय थी, पर कुछ देर के लिए पूरा आयोजन पटरी से उतरता दिखा। बाद में भूमिपूजन की औपचारिकता पूरी हुई,लेकिन घटना ने विकास कार्यक्रम पर राजनीतिक अनुशासन का सवाल खड़ा कर दिया।

### सवाल संगठन पर,विवाद ने बटोरीं सुर्खियां

कृषि महाविद्यालय भवन का भूमिपूजन क्षेत्र के लिए अहम परियोजना माना जा रहा है। ऐसे मौके पर सार्वजनिक मंच पर पदाधिकारियों की तकरार ने संदेश से ज्यादा विवाद को सुर्खियों में ला दिया। स्थानीय राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि अंदरूनी असंतोष अब खुले मंच तक पहुंच चुका है। संगठन के भीतर समन्वय और अनुशासन को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

# अवैध उत्खनन व परिवहन पर खनिज विभाग की सख्त कार्रवाई, एक सप्ताह में 27 वाहन जब्त, विभिन्न थानों में सुपुर्द

## कलेक्टर के निर्देश पर सतत कार्रवाई, दोषियों पर विधिसम्मत प्रकरण दर्ज

**रायगढ़।** जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने के लिए कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के सख्त निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में विगत एक सप्ताह के भीतर जिला रायगढ़ के खनिज अमले ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए 27 वाहनों को जब्त किया है। इस कार्रवाई से अवैध गतिविधियों में संलिप्त तत्वों में हड़कंप की स्थिति है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अवैध परिवहन के अंतर्गत खनिज रेत के 20 ट्रैक्टर एवं 02 हाईवा, खनिज मिट्टी, मुरूम के 03 ट्रैक्टर तथा खनिज चूनापत्थर के 02 हाईवा को जब्त किया गया है। जब्त किए गए कुल 27 वाहनों



को कलेक्ट्रेट परिसर सहित थाना कोतरा रोड, भूपदेवपुर, पूंजीपथरा एवं पुसौर में सुरक्षार्थ रखा गया है। खनिज विभाग द्वारा संबंधित परिवहनकर्ताओं के विरुद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 एवं 23(क) के तहत विधिसम्मत प्रकरण दर्ज किया गया है। विभागीय अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि अवैध उत्खनन एवं परिवहन में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उक्त कार्यवाही में खनि निरीक्षक सोमेश्वर सिन्हा सहित जिला खनिज अमला सक्रिय रूप से शामिल रहा। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर पूर्णतः अंकुश लगाने के लिए सतत निगरानी रखी जाए तथा भविष्य में भी इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई जारी रखी जाए। खनिज विभाग ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे अवैध खनिज गतिविधियों की सूचना तत्काल प्रशासन को दें, ताकि प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा एवं राजस्व की हानि को रोका जा सके।

# अनुनय कॉन्वेंट में कराटे का बेल्ट ग्रेडिंग कार्यक्रम संपन्न

**सक्ती।** कराटे एसोसिएशन ऑफ़ छत्तीसगढ़ के तरफ से 1 मार्च 2026 को शक्ति नगर के प्रतिष्ठित अनुनय कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल शक्ति में बेल्ट ग्रेडिंग की परीक्षा एवं वितरण का कार्यक्रम रखा गया रखा गया. जिसमें अनुनय कॉन्वेंट स्कूल व अन्य स्कूलों के 37 विद्यार्थियों की परीक्षा ली गई तथा उन्हें बेल्ट एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुमित शर्मा, विशिष्ट अतिथि बिलासपुर से सिहान सुशील चंद्रा (कराटे एसोसिएशन आफ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष) जनपद सदस्य रजनी देवी राठौर, दीपक राठौर, सेंसई विपिन साहू, सेंसई अमन नामदेव एवं जांजगीर से सिहान रामूलाल भैना, सेंसई ममता कश्यप तथा शक्ति से संसई अनुराग जायसवाल वरिष्ठ नागरिक केशव प्रसाद गबेल तथा संस्था प्रमुख योगेश साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। संस्था प्रमुख ने





बताया कि विद्यालय में प्रतिदिन कराटे का प्रशिक्षण दिया जाता है एवं अंत में इस प्रकार की उपाधि बच्चों को प्रदान की जा रही है. मुख्य अतिथि सुमित शर्मा ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे विद्यार्थी आतमरक्षा सीखने के साथ-साथ मानसिक रूप से भी मजबूत होते हैं। जिन विद्यार्थियों की परीक्षा ली गई उनमें सौम्या गबेल, रुचि चौधरी, अरविंद बरेठ, शुभम सिदार, नेहा साहू, दक्षेस गबेल, सिद्धांत, दीप्ति देवांगन, अंशु बरेठ, अनिका देवांगन, पाखी देवांगन, चेष्टा भार्गव,धानी महंत, रॉबिंसन तिर्की , शंख जायसवाल ,मानवी पटेल, आदित्य नेताम, किंजल साहू, प्रांजल बरेठ ,शिखा सिदार ,कृति खुटे, पूजा साहू कुमारी लक्ष्मी खरे ,सैयद अब्दुल अहद ,उर्वशी जायसवाल, गरिमा, आयुष जायसवाल, लालिमा, धारा, प्राची चंद्रा, जानवी सिदार, रूपाली, पलक शुभम गबेल, भाग्यश्री, उर्मिला, गायत्री, दुर्गेश्वरी थी, जिनके प्रशिक्षक सेंसई यशु गबेल कराटे एसोसिएशन शक्ति है जिनके मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के बेल्ट व सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। प्रशिक्षक की यशु गबेल को भी संस्था की तरफ से सम्मानित किया गया. कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था से प्राचार्य किरण श्रीवास, मधुलता सोनी, शैलेंद्र डेंसिल , पुष्पेंद्र राठौर का सहयोग रहा

# निश्चल बंसल ने की चार्टर्ड अकाउंटेंट परीक्षा में सफलता अर्जित

**सक्ती।** शहर के बुधवारी बाजार स्थित केएमपी इंटरप्राइजेज के संचालक राजेश बंसल एवं शोभा बंसल के मेधावी सुपुत्र निश्चल बंसल ने 1 मार्च को घोषित चार्टर्ड अकाउंटेंट CA की परीक्षा में सफलता अर्जित कर पूरे शहर को गौरवांवित किया है, निश्चल की सफलता पर अग्रवाल सभा सहित विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक संगठनों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी है, तो वहीं निश्चल बंसल ने भी अपनी इस सफलता का श्रेय अपने परिवार जनों को दिया है,तथा सीए बनने पर निश्चल ने



कहा है कि वे देश की आर्थिक मजबूती में अपना योगदान देना चाहते है, उल्लेखित हो कि निश्चल बंसल प्रारंभ से ही मेधावी रहे हैं तथा वे अपनी प्रारंभिक शिक्षा के दौरान भी सभी कक्षाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर हमेशा मेरिट लिस्ट में अपना स्थान बनाते थे, तथा उनके पिता राजेश बंसल शहर की प्रतिष्ठित फर्म केदारनाथ महादेव प्रसाद के सदस्य है।

# उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन के निवास पर कल होली स्नेह मिलन समारोह की रहेगी धूम

**कोरबा।** नगर विधायक और कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन के चारपारा



कोहड़िया स्थित निवास में 4 मार्च की सुबह 9:30 बजे से 12 बजे तक होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन रखा गया है। प्रति वर्ष की भांति मंत्री देवांगन के निवास पर होली मिलन समारोह में अधिक संख्या में कार्यकर्ता और आम जन मानस शामिल होंगे। मंत्री देवांगन ने सभी सम्मानीय लोगों एवं कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों को होली मिलन समारोह में शामिल होने का आग्रह किया है।

# शहर में लगातार गिर रहा वाटर लेवल, पालिका अध्यक्ष ने गठित की पांच सदस्यीय पार्षदों की टीम

**सक्ती।** फरवरी महीने में ही शक्ति शहर में भूजल स्तर (वाटर लेवल) लगातार नीचे जाने से शहर में पानी की समस्या उत्पन्न होने लगी है, तथा नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल के प्रयासों से जहां सतत शहर के पानी के बोर एवं वाटर सप्लाई को मेंटेन किया जा रहा है, किंतु इसके बावजूद वाटर लेवल डाउन होने के चलते पानी के स्रोत ही जवाब देने लगे हैं, किंतु इसके बावजूद नगर पालिका शक्ति के अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के प्रयासों से जिला प्रशासन एवं जल संसाधन विभाग से समन्वय बनाकर मिनीमाता हरदेव बांगो की नहरो के माध्यम से पानी छोड़ने का कार्य किया गया है, तथा नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल ने नहरो के पानी से शहर के सभी प्रमुख तालाबों को जो की नहरो के पानी से भरा जा सकता है, इसके लिए पांच सदस्यीय पार्षदों की एक समिति का



गठन किया है, तथा नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा है कि यह पांच सदस्यीय समिति तालाबों में पानी भरने के लिए सारे संसाधन जुटाने का काम करेगी एवं नगर पालिका के सभी अधिकारी, कर्मचारी इस कार्य में सहयोग करेंगे तथा इस समिति को स्वतंत्र किया गया है, एवं इस कार्य में जो भी व्यय होगा उसका तत्काल भुगतान हमारे द्वारा किया जाएगा। एवं इस पांच सदस्यीय समिति में वार्ड क्रमांक-2 के पार्षद राम सजीवन देवांगन, वार्ड क्रमांक- 3 के पार्षद लालू प्रधान, वार्ड क्रमांक- 10 के पार्षद गुलाब देवांगन, वार्ड क्रमांक- 11 की पार्षद उर्मिला संजय कश्यप, वार्ड क्रमांक- 16 के पार्षद संतोष सोनी लाला शामिल है, नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल ने शहर की जनता से अपील की है कि शहर में वाटर लेवल डाउन होने की स्थिति को देखते हुए पानी का हम सदुपयोग करें एवं सार्वजनिक नलों से किसी भी प्रकार का पानी व्यर्थ ना हो, यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है, एवं एक-एक बूंद पानी बचाकर हम ग्रीष्म ऋतु में भी शहर में किसी भी प्रकार की पानी की समस्या ना हो इसे आसानी से निपटेंगे तथा अपने-अपने घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का सिस्टम जरूर लगाए, ताकि बरसात का पानी रिचार्ज हो एवं हमें बारहों महीने नियमित रूप से पानी उपलब्ध हो सके।

# खिलावन साहू के प्रयासों से नगरदा में मिली लाखों रुपए की सीसी रोड निर्माण की स्वीकृति

**सक्ती।** सक्ती विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत नगरदा में मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना के तहत स्वीकृत दो सीसी रोड निर्माण कार्यों (कुल लागत 7.80 लाख) का विधिवत भूमिपूजन सक्ती विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक डॉ. खिलावन साहू के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत के सरपंच बॉम्बे लाल यादव ने की।पूर्व विधायक डॉ. खिलावन साहू की अनुशंसा से योजना अंतर्गत चौहान मोहल्ला में सीसी रोड निर्माण एवं खलबोरवा तालाब से किसान सागर की ओर सीसी रोड निर्माण कार्य को स्वीकृति प्राप्त हुई है। भूमि पुजन कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए डॉ. साहू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सुदृढ़ अधोसंरचना विकास छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय सरकार और केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की प्राथमिकता है। सड़क निर्माण से आवागमन सुगम होगा तथा किसानों



और ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा।इस अवसर पर उप सरपंच लता विजेंद्र कंवर, युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष गोपाल जयसवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता सुफल राम बरेठ, दिलचंद कंवर, नंदन जयसवाल, श्याम चौहान, पंचगण सिया राम साहू, धरम सिंह कंवर, विजय कंवर, राम कुमार कंवर, किशन कंवर, भगदन केवट, संतोषी चौहान सहित उज्जैन साहू, राधा मोहन केवट, रामायण केवट, छोटू चौहान एवं अन्य ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, कार्यक्रम का समापन विधिवत पूजा-अर्चना एवं नारियल फोड़कर किया गया। ग्रामीणों ने इस महत्वपूर्ण विकास कार्य के लिए आभार व्यक्त किया।

# बजट से समुचित विकास सुनिश्चित होने के साथ ही प्रदेश की आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी : संतोष पाण्डेय

**भाटापारा ।** भाजपा कार्यालय भाटापारा में वर्ष 2026-27 प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को लेकर प्रेसवार्ता आयोजित की गई..छत्तीसगढ़ विधानसभा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने डबल इंजन भाजपा सरकार के तीसरे कार्यकाल का बजट रखा। इस वर्ष बजट का मूल उद्देश्य संकल्प यानी-समावेशीविकास,-अधोसंरचना, निवेश, कुशल मानव संसाधन,-अंत्योदय, लाइवलीहुड और पॉलिसी से परिणाम तक रहा। उक्त बाते प्रेसवार्ता को सम्बोधित कर राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय ने कही... संतोष पाण्डेय ने कहा की अपने उद्देश्य के अनुरूप इस बजट में महिला, युवा, किसान, मध्यमवर्ग के हितों के साथ ही प्रदेश की आर्थिक प्रगति, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि जैसे क्षेत्रों के भी विकास की झलक देखने को मिली। खासकर बस्तर एवं सरगुजा और



आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों निवासरत परिवारों और वहां पर्यटन के विस्तार से लेकर स्थानीय निवासियों के सशक्तिकरण के लिए भी बजट में विशेष प्रावधान किये गए। संतोष पाण्डेय ने आगे कहा की बजट में कई प्रमुख प्रावधान, योजनाएं एवं निर्णय 2026-27 के बजट में लिए गए हैं जिनसे प्रदेश के हर व्यक्ति, वर्ग एवं क्षेत्र का समुचित विकास सुनिश्चित होने के साथ ही प्रदेश की आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने भी प्रेसवार्ता को सम्बोधित कर कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास और जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के साथ ही विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के संकल्प को गति देने हेतु यह बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास, जनकल्याण और आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार करने वाला दूरदर्शी एवं जनहितैषी बजट है। यह बजट प्रदेश की 3 करोड़ जनता की आकांक्षाओं और सपनों का प्रतिबिंब है। इस बजट में कृषि एवं ग्रामीण विकास के लिए विशेष प्रावधान कर अन्नदाता को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य किया गया है। साथ ही अधोसंरचना, सड़कों, सिंचाई, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक निवेश कर विकास की गति को और तेज करने का संकल्प लिया गया है। शिवरतन शर्मा ने कहा की युवा शक्ति को रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने, उद्योगों को प्रोत्साहन देने तथा स्टार्टअप एवं कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता के लिए भी अनेक महत्वपूर्ण योजनाओं का विस्तार किया गया है। यह बजट सामाजिक न्याय, सुशासन और पारदर्शिता के सिद्धांतों पर आधारित है। प्रदेश के दूरस्थ एवं वनांचल क्षेत्रों तक विकास की रोशनी पहुँचाने का स्पष्ट विज़न इस बजट में दिखाई देता है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट समृद्ध किसान, सशक्त युवा, सुरक्षित महिला और विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आनंद यादव,अनु.जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सनम जांगड़े, भाजपा नेता राकेश तिवारी, महामंत्री कृष्णा अवस्थी , नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, जिला उपाध्यक्ष सुनील यदु, प्रदेश मंत्री पि.मोर्चा आशीष जायसवाल, जिला अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा महाबल बघेल, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष योगेश अनंत, ग्रामीण अध्यक्ष पवन वर्मा, महामंत्री उमाशंकर वर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया, पार्षद सतीश साहू सहित प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मिडिया के पत्रकारगण उपस्थित रहे..

# दो नाबालिग बालिकाएं सकुशल बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के मार्गदर्शन में जिले में चलाए जा रहे -ऑपरेशन मुस्कान- के तहत थाना छाल पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। 21 फरवरी को जोबी क्षेत्र की दो नाबालिग बालिकाओं (उम्र 14 एवं 15 वर्ष) के 18 फरवरी से लापता होने की रिपोर्ट थाना छाल में दर्ज कराई गई थी। प्रकरण में धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत पृथक-पृथक अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। दो नाबालिक लड़कियों के अचानक लापता होने की घटना को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी शशि मोहन सिंह द्वारा एसडीओपी खरसिया प्रभात पटेल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में टीम गठित कर परिजनों, सहेलियों से पूछताछ एवं सीसीटीवी फुटेज का परीक्षण किया गया। जांच में




राजमिस्त्री का कार्य करने वाले संदेही सीताराम सारथी के साथ बालिकाओं को अंतिम बार देखे जाने की जानकारी मिली। संदेही और गुम बालिकाओं की पतासाजी की जा रही थी कि उन्हें घरघोड़ा क्षेत्र के सन स्टील प्लांट, टेंडा नवापारा में देखे जाने की सूचना पर दबिश देकर दोनों नाबालिग बालिकाओं को सकुशल दस्तयाब किया गया। बालिकाओं ने बताया कि आरोपी पहले उनके गांव में काम करने आया था और उसने काम दिलाने एवं अच्छे से रखने का विश्वास दिलाकर उन्हें अपने अनूपपुर एमपी साथ ले गया था। प्रकरण में धारा 18 सहित पॉक्सो एक्ट की धाराएं जोड़ते हुए आरोपी सीताराम सारथी (उम्र 35 वर्ष), निवासी पुलिस चौकी जोबी क्षेत्र को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहान से मिली दिशा,ड्रोन दीदी बन आसमां छू रहीं सीमा

**बिलासपुर।** कभी सीमित संसाधनों और आर्थिक परेशानियों के बीच जीवन गुजारने वाली ग्राम पंचायत पौंड़ी, जनपद पंचायत मस्तूरी



की सीमा वर्मा ने आज अपने हौसले और मेहनत से नई पहचान बना ली है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़कर उन्होंने न केवल अपने जीवन की दिशा बदली, बल्कि गांव की अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा बन गई हैं। वर्ष 2014 में सीमा वर्मा जय मां गायत्री स्व-सहायता समूह से जुड़ीं। शुरुआत में उन्होंने समूह के साथ बचत और छोटे-छोटे कामों से अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करने की कोशिश की। बिहान से जुड़ने के बाद उन्हें स्वरोजगार के अवसर मिले और उन्होंने पैरा मशरूम उत्पादन का कार्य शुरू किया। अपनी मेहनत और लगन से उन्होंने इस काम को आगे बढ़ाया और इससे उन्हें नियमित आय मिलने लगी। कुछ नया सीखने और आगे बढ़ने की इच्छा ने उन्हें आधुनिक तकनीक की ओर भी प्रेरित किया। दिसंबर 2023 में उन्होंने ड्रोन संचालन का प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के बाद शासन की सहायता से उन्हें ड्रोन सेट, जनरेटर और ई-वाहन उपलब्ध कराया गया। इसके बाद उन्होंने किसानों के खेतों में ड्रोन के माध्यम से कीटनाशक का छिड़काव करना शुरू किया। आज सीमा वर्मा ड्रोन तकनीक के माध्यम से किसानों की मदद कर रही हैं और सम्मानजनक आय अर्जित कर रही हैं। गांव में लोग उन्हें अब स्नेहपूर्वक 'ड्रोन दीदी' के नाम से पुकारते हैं। सीमा वर्मा की यह यात्रा बताती है कि अगर अवसर और मार्गदर्शन मिले तो ग्रामीण महिलाएं भी अपने हौसलों के दम पर नई ऊंचाइयों तक पहुंच सकती हैं। बिहान योजना ने उन्हें दिशा दी और उनके सपनों को नई उड़ान दी।

### 10 मार्च को होगी आम फलों की नीलामी

**बिलासपुर।** शासकीय उद्यान रोपणी बहतराई, विकासखण्ड तखतपुर में स्थित आम के मातृ वृक्षों में लगे फलों की नीलामी 10 मार्च को 2026 को आयोजित की जाएगी। उद्यान अधीक्षक कार्यालय द्वारा जारी सूचना के अनुसार नीलामी प्रक्रिया बंद लिफाफा पद्धति से संपन्न होगी। नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति नीलामी की तिथि के पूर्व किसी भी दिवस दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक आम पौधों में लगे फलों का निरीक्षण कर सकते हैं। नीलामी शर्तों की विस्तृत जानकारी उद्यान अधीक्षक कार्यालय बहतराई, विकासखण्ड तखतपुर से प्राप्त की जा सकती है।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन 8 मार्च को

**बिलासपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च 2026 को एक दिवसीय महिला खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम स्व. बी.आर. यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केंद्र, बहतराई, बिलासपुर में प्रातः 10 बजे से आयोजित होगा। प्रतियोगिता के अंतर्गत कबड्डी, आर्चरी, बास्केटबॉल और वॉलीबॉल सहित चार विभिन्न खेलों का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में 12 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की प्रतिभागी भाग ले सकेंगी। कार्यक्रम के समापन पर विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने सभी इच्छुक प्रतिभागियों से समय पर कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होकर प्रतियोगिता में भाग लेने का आग्रह किया है।कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य और खेलों के प्रति जागरूक करना, उनमें स्वस्थ जीवनशैली के प्रति रुचि विकसित करना तथा खेल एवं शारीरिक गतिविधियों के माध्यम से स्वयं को स्वस्थ रखने के लिए प्रेरित करना है। साथ ही अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व को भी रेखांकित किया जाएगा।

### राज्यपाल ने माँ महामाया का दर्शन कर लिया आशीर्वाद

**बिलासपुर।** राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज रतनपुर पहुंचकर माँ महामाया मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना और आरती की। उन्होंने माँ महामाया से छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि, खुशहाली और प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना कर आशीर्वाद लिया। मंदिर परिसर में राज्यपाल का मंदिर समिति के पदाधिकारियों और श्रद्धालुओं ने आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष श्री लवकुश कश्यप,कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, एसएसपी श्री रजनेश सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी, श्री मोहित जायसवाल एवं समिति के पदाधिकारी मौजूद थे।

संस्कृति को सहेजने की दी सीख, आर्चरी खिलाड़ियों को 5-5 हजार देने की घोषणा

# बैगा-बिरहोर आदिवासियों के गांव पहुंचे राज्यपाल,योजनाओं का जाना हाल

**बिलासपुर।** राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज अपने बिलासपुर प्रवास के दौरान कोटा विकासखंड के शिवतराई पहुंचकर बैगा और बिरहोर जनजाति के लोगों से आत्मीय चर्चा की। उन्होंने उनकी जीवनशैली, पारंपरिक संस्कृति तथा शासन की योजनाओं से मिल रहे लाभ की जानकारी ली। इस अवसर पर राज्यपाल ने आर्चरी के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए प्रत्येक खिलाड़ी को 5-5 हजार रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने खिलाड़ियों को लोकभवन रायपुर आने का निमंत्रण दिया तथा कलेक्टर को उनके आवागमन सहित आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। राज्यपाल श्री डेका ने करका की लखपति दीदी श्रीमती प्रमिला बैगा से चर्चा की। उन्होंने बताया कि वे गोंदा स्वसहायता समूह से जुड़ी हैं। समूह की श्रीमती रश्मि मरावी ने बताया कि उनके समूह द्वारा सिलाई-मशीन का काम, अचार-पापड़ निर्माण सहित अन्य आजीविका गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। बैगा महिलाओं द्वारा बांस से विभिन्न उपयोगी उत्पाद भी तैयार किए जा रहे हैं। राज्यपाल ने आयुष्मान कार्ड, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन, पीएम जनमन योजना सहित अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी भी ली। औरापानी की श्रीमती मंगली ने बताया कि उन्हें आवास योजना का लाभ मिला है। शिवतराई की श्रीमती ममता खुसरो ने बताया कि उन्हें आयुष्मान कार्ड के साथ महतारी वंदन योजना का भी लाभ मिल रहा है। उन्होंने आयुष्मान कार्ड से अपना अल्सर का ऑपरेशन भी कराया है। राज्यपाल ने कहा कि बैगा और बिरहोर समाज की समृद्ध संस्कृति और परंपराएं उनकी पहचान हैं। उन्होंने लोगों से अपनी संस्कृति को सहेजकर रखने का आग्रह करते हुए कहा कि जीवन में आगे बढ़ते हुए भी अपनी परंपराओं को विलुप्त न होने दें। उन्होंने कहा कि बांस के उत्पाद और पारंपरिक गहने बनाना सिखाने के लिए प्रशिक्षक की भी व्यवस्था की जाएगी।



राज्यपाल ने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने पर भी जोर दिया। इस दौरान सरपंच ने बताया कि यहां पीएम जनमन योजना के तहत 265 आवास स्वीकृत हुए हैं। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने बताया कि जिले में पीवीटीजी समुदाय के लगभग 6400 लोग 54 बसाहटों में निवासरत हैं। पीएम जनमन योजना के तहत लगभग 900 आवास स्वीकृत किए गए हैं तथा 21 सड़कों का निर्माण किया गया है। टाटीधार में बहुद्देशीय केंद्र बनाया गया है। पीवीटीजी बसाहटों में 3 मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण और दवाइयां निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। राज्यपाल ने निर्देश दिए कि पीएम जनमन योजना का अधिक से अधिक लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाया जाए तथा नियमित रूप से मेडिकल कैंप लगाए जाएं। उन्होंने टीबी मरीजों के पोषण के लिए उन्हें गोद लेने की पहल को भी प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि यदि किसी को मोतियाबिंद की समस्या है तो वे एम्स आ सकते हैं, वहां उनके ठहरने की व्यवस्था भी की जाएगी। राज्यपाल ने बैगा समाज के लोगों को होली पर्व की शुभकामनाएं दीं और उन्हें उपहार भी प्रदान किया। इस अवसर पर बैगा समाज के प्रमुख श्री लुमन सिंह बैगा ने पलाश के फूलों की माला पहनाकर राज्यपाल का स्वागत किया तथा बैगा महिलाओं ने खुमरी पहनाकर उनका पारंपरिक स्वागत किया। कार्यक्रम में एसएसपी श्री रजनेश सिंह, सीसीएफ श्री मनोज पांडे, एडीएम श्री शिव कुमार बनर्जी सहित बड़ी संख्या में बैगा आदिवासी समाज के लोग, स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीण और अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## छग राज्यपाल रमेन डेका ने किया अचानकमार टाइगर रिजर्व का दौरा

- जंगल सफारी का लिया आनंद, जनजातीय कला और प्राकृतिक सौंदर्य की सराहना



**बिलासपुर।** राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज मुंगेली जिले के प्रसिद्ध अचानकमार टाइगर रिजर्व का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जंगल सफारी का आनंद लिया और वनांचल की प्राकृतिक सुंदरता की सराहना की। उन्होंने प्राकृतिक वातावरण में वन्य जीव के संरक्षण को प्रोत्साहित किया। दौरे के दौरान राज्यपाल ने आदिवासी अंचल की महिलाओं द्वारा तैयार की गई कलाकृतियों की प्रशंसा की। उन्होंने बैगा और गोंड जनजाति की पारंपरिक ट्राइबल पेंटिंग्स तथा स्थानीय हस्तशिल्प को विशेष रूप से सराहा। राज्यपाल श्री डेका ने सिहावल क्षेत्र में वन्य प्राणी संरक्षण को और मजबूत करने के लिए आवश्यक सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने जंगली हाथियों के प्रशिक्षण एवं प्रबंधन के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस दौरान डीडी एटीआर ने बताया कि यह क्षेत्र हिरण, हाथी, टाइगर सहित कई वन्य प्राणियों के विचरण का प्रमुख क्षेत्र है।गौरतलब है कि मुंगेली जिले का सिहावल क्षेत्र मनियारी नदी का उद्गम स्थल भी माना जाता है। इस अवसर पर कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार द्वारा राज्यपाल को जनजातीय कला पर आधारित स्मृति चिन्ह एवं प्राकृतिक कोसे से निर्मित शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर फील्ड डायरेक्टर अभिषेक सिंह, एडीसी ओम भविष्यकर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, डीडी एटीआर, यू आर गणेशन, सीईओ जिला पंचायत प्रभाकर पांडेय सहित, स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण, फूड एवं राजस्व सहित अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## लखपति दीदी बनीं चित्ररेखा:संघर्ष से आत्मनिर्भरता की प्रेरक कहानी

**बिलासपुर।** जनपद पंचायत बिल्हा के भैंसबोड क्लस्टर के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत नगपुरा की संस्कार समूह से जुड़ी बिहान दीदी चित्ररेखा धुरी ने यह साबित कर दिया कि मजबूत इरादों और सरकारी योजनाओं के सहयोग से हर सपना साकार किया जा सकता है। सीमित संसाधनों के बीच जीवनयापन कर रहीं चित्र रेखा ने स्व सहायता समूह से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने की राह चुनी और आज वे लखपति दीदी के रूप में पहचानी जा रही हैं, चित्रेखा ने आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए सरकारी योजनाओं को बड़ा संबल बताया उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का जन हितैषी योजनाओं के लिए आभार जताया है, जिससे हर वर्ग लाभान्वित हो रहा है। समूह में जुड़ने से पूर्व बिहान दीदी चित्रेखा धुरी के परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद सामान्य थी। घरेलू जिम्मेदारियों के साथ परिवार के लिए आय के सीमित साधन होने के कारण अक्सर चुनौतियों का सामना करना पड़ता था। ऐसे समय में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की बिहान योजना के तहत संस्कार समूह ने उन्हें न केवल आर्थिक सहयोग दिया, बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ाया। समूह से ऋण प्राप्त कर उन्होंने ई-रिक्शा खरीदा और संचालन की



जिम्मेदारी अपने पति को दी। यह कदम उनके जीवन में एक बड़ा बदलाव लेकर आया। ई-रिक्शा संचालन से नियमित आय होने लगी तो उन्होंने सिलाई कार्य भी शुरू किया। गांव की महिलाओं और बच्चों के कपड़े सिलकर अतिरिक्त आमदनी अर्जित करने लगीं। इसके साथ ही घर के पास सब्जी बाड़ी तैयार कर मौसमी सब्जियों का उत्पादन भी शुरू किया, जिससे परिवार की जरूरतें पूरी होने के साथ बाजार में बिक्री से लाभ भी मिलने लगा। तीनों कार्यों से आय के स्रोत मजबूत हुए और धीरे-धीरे उनकी वार्षिक आय लाख रुपये से अधिक हो गई। आज चित्र रेखा धुरी आर्थिक रूप से सशक्त हैं और आत्मनिर्भरता की मिसाल बन चुकी हैं।

## लू से बचने स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया एडवाइजरी...

**बिलासपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा बढ़ती गर्मी और लु के खतरे से बचने के लिए विभिन्न उपायों और दिशा निर्देश जारी किए हैं। आगामी महीनों में पड़ने वाली गर्मी से लु का खतरा और बढ़ जाता है जिससे लोगों का स्वास्थ्य प्रभावित होता है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बताया कि धूप और गर्मी में ज्यादा देर रहने के कारण शरीर में पानी और नमक की कमी हो जाती है। जिससे लु लगने का खतरा होता है। लु के लक्षण - स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि लु लगने से सिर में भारीपन और दर्द होने लगता है, तेज बुखार के साथ मुंह सूखने लगता है, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ पूरे शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक होने कारण पसीने का न आना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, भूख कम लगना और बेहोश होना आदि लक्षण दिखाई देने लगते हैं। लू से बचाव -धूप में बाहर निकलने से पहले सर व कानों को कपड़े से अच्छे से बांध लें, बहुत अनिवार्य हो तो ही घर से बाहर निकले, पानी अधिक पीयें, ज्यादा समय तक धूप में न रहे, गर्मी के समय नरम व सूती कपड़े पहने ताकि हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहे, अधिक पसीना आने पर ओ.आर.एस. का घोल पीए, चक्कर और उल्टी आने की स्थिति पर छाया वाली जगह पर आराम कर पानी और पेय पदार्थ का सेवन करें, प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य केन्द्र से निःशुल्क परामर्श लें, उल्टी, सर दर्द, तेज बुखार होने पर निकट के अस्पताल या स्वास्थ्य केन्द्र में जरूरी सलाह आवश्यक ले।

## बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग ने किया गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले का एक दिवसीय दौरा

**बिलासपुर।** दिनांक 06/03/26 को बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक श्री राम गोपाल गर्ग द्वारा जिला गौरेला-पेंड्रा-मरवाही का एकदिवसीय भ्रमण किया गया। इस दौरान उनके द्वारा सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना/चौकी प्रभारियों की मीटिंग लेकर लंबित अपराधों, मर्गों के वैज्ञानिक तकनीकी के माध्यम से साक्ष्य संकलन के कर त्वरित निकाल, थाना/चौकी प्रभारियों के द्वारा पीड़ितों की शिकायत स्वयं सुनकर समुचित वैधानिक कार्यवाही करने, गंभीर अपराधों की विवेचना स्वयं करने एवं संपत्ति सम्बन्धी अपराधों में तत्काल एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही करने के सम्बन्ध में सख्त हिदायत दी गयी पुलिस अधीक्षक कार्यालय के विभिन्न शाखाओं के निरीक्षण में सभी शाखा प्रभारियों को रिकॉर्ड के समुचित संधारण, पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों के वेलफेयर सम्बन्धी विषयों में त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक कार्यालय तथा पुलिस कण्ट्रोल रूम के निर्माणाधीन बिल्डिंग का निरीक्षण कर समय सीमा में निर्माण पूर्ण करने के निर्देश दिए भ्रमण दौरान थाना गौरेला के निरीक्षण में थाना में उपस्थित स्टाफ को सशक्त एप के माध्यम से अधिक से अधिक वाहनों को सर्च कर चोरी हुए वाहनों की पता



तलाश करने, बीट प्रणाली को सशक्त कर आवश्यक सूचना संकलन करने, अनुभव क्यू आर कोड का अधिकाधिक प्रचार करने, साइबर प्रहरी व्हाट्सएप्प ग्रुप के माध्यम से साइबर जागरूकता लाने तथा थाने में लंबित अपराधों, मर्गों, शिकायतों का समयबद्ध ढंग से निकाल करने हेतु निर्देशित किया तत्पश्चात साइबर सेल का निरीक्षण कर साइबर अपराधों के निकाल करने, नेटग्रिड, समन्वय पोर्टल, क्राइमैक पोर्टल के अधिकाधिक प्रयोग करने हेतु निर्देशित किया ग्राम अमरपुर स्थित पुलिस रक्षित केंद्र का निरीक्षण कर रक्षित निरीक्षक को बल एवं संसाधनों के व्यवस्थित रखरखाव, पुलिस वाहनों के मैंटेनेंस पर विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया इस अवसर पर जिले के पुलिस अधीक्षक श्री मनोज कुमार खिलारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं सभी अनुविभागीय पुलिस अधिकारी, थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी एवं अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में रोड ओवर ब्रिज पर भारी गर्डर स्थापित करने में अपनाई गई अभिनव तकनीक

- गति शक्ति इकाई, नागपुर द्वारा 760 मीट्रिक टन वजनी बो-स्ट्रिंग गर्डर का सफलता पूर्वक लॉन्चिंग
- भारतीय रेल में पहली बार 1600 मीट्रिक टन क्षमता की क्रॉलर क्रेन से इतने भारी बो-स्ट्रिंग गर्डर की स्थापना

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की गति शक्ति इकाई, नागपुर द्वारा रेलवे अवसंरचना विकास के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण तकनीकी उपलब्धि हासिल की गई है। मध्य प्रदेश के बालाघाट वारासिवनी रेलखंड पर समपार संख्या क्रा-25 के स्थान पर बनाए जा रहे रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) के निर्माण के दौरान 72 मीटर स्पान तथा लगभग 760 मीट्रिक टन वजनी बो-स्ट्रिंग गर्डर को अभिनव तकनीक के माध्यम से सफलतापूर्वक स्थापित किया गया। घनी आबादी वाले वारासिवनी क्षेत्र में सीमित कार्यस्थल, स्क्यू एलाइनमेंट, रेलवे लाइन के समीप भवनों की उपस्थिति तथा परिचालन सुरक्षा जैसी चुनौतियों के कारण पारंपरिक विधि से गर्डर लॉन्चिंग करना अत्यंत कठिन था। सामान्यतः ऐसी स्थिति में गर्डर की एंड-लॉन्चिंग प्रक्रिया अपनाई जाती है, जिसमें लंबी अवधि तक गति प्रतिबंध लगाना पड़ता है तथा कई ट्रैफिक ब्लॉक लेने पड़ते हैं, जिससे ट्रेन परिचालन प्रभावित होता है। इन चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने एक अभिनव इंजीनियरिंग समाधान अपनाया। इसके अंतर्गत 1600 मीट्रिक टन क्षमता वाली क्रॉलर माउंटेड क्रेन का उपयोग करते



हुए 760 मीट्रिक टन वजनी बो-स्ट्रिंग गर्डर को सीधे उठाकर निर्धारित स्थान पर स्थापित किया गया। इस अत्याधुनिक भारी-उठान तकनीक के उपयोग से पूरी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित योजना और समन्वय के साथ केवल एक ट्रैफिक-कम-पावर ब्लॉक में ही पूरा कर लिया गया, जिससे रेल परिचालन पर किसी प्रकार का दीर्घकालिक प्रभाव नहीं पड़ा। इस नवाचार से कई महत्वपूर्ण लाभ प्राप्त हुए हैं। लगभग 30 दिनों तक संभावित गति प्रतिबंध लगाने की आवश्यकता समाप्त हो गई तथा अनेक ट्रैफिक ब्लॉकों के स्थान पर केवल एक ही ब्लॉक में कार्य पूर्ण किया गया, जिससे ट्रेन परिचालन की समयबद्धता और विश्वसनीयता बनी रही। इसके साथ ही यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए भीड़भाड़ वाले शहरी क्षेत्रों में भारी पुल गर्डर स्थापित करने की आधुनिक तकनीक का सफल प्रयोग किया गया। यह दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे तथा भारतीय रेल में पहली बार है जब इतने भारी बो-स्ट्रिंग गर्डर को स्थापित करने के लिए 1600 मीट्रिक टन क्षमता की क्रॉलर क्रेन का उपयोग किया गया है। यह उपलब्धि रेलवे में रोड ओवर ब्रिज निर्माण की आधुनिक पद्धतियों के लिए एक नया मानक स्थापित करती है तथा भविष्य में घनी आबादी वाले क्षेत्रों में अवसंरचना परियोजनाओं के तेज, सुरक्षित और कुशल क्रियान्वयन का मार्ग प्रशस्त करेगी। श्री तरुण प्रकाश, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन में इस प्रकार की आधुनिक तकनीकों और नवाचारों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

## आयुक्त,रेलवे सेफ्टीद्वारा सारागांव देवरी बाराद्वार जेठा सक्ती के मध्य नई विद्युतीकृत चौथी रेल लाइन का विस्तृत निरीक्षण किया

**बिलासपुर।** रेल अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण तथा ट्रेनों के सुरक्षित, तीव्र और सुचारु परिचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल में नई रेल लाइनों के निर्माण, दोहरीकरण तथा तृतीय एवं चतुर्थ रेल लाइन परियोजनाओं पर तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में बिलासपुर झारसुगुड़ा रेल खंड के मध्य लगभग 206 किलोमीटर लंबी विद्युतीकृत चौथी रेल लाइन का निर्माण कार्य चरणबद्ध तरीके से पूर्ण किया जा रहा है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत सारागांव देवरी बाराद्वार जेठा सक्ती स्टेशनों के मध्य 22.2 किलोमीटर लंबी नई विद्युतीकृत चौथी रेल लाइन का निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। इंटरलॉकिंग सहित सभी आवश्यक तकनीकी कार्यों की पूर्णता के उपरांत दक्षिण पूर्व सर्किल के आयुक्त, रेलवे सेफ्टी श्री बी.के. मिश्रा द्वारा 05 एवं 06 मार्च 2026 को इस नई रेल लाइन का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण की शुरुआत सारागांव देवरी स्टेशन से की गई, जहाँ आयुक्त ने स्टेशन के केबिन, पैनल रूम तथा यार्ड का बारीकी से निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों से तकनीकी जानकारी प्राप्त की। इसके पश्चात उन्होंने निरीक्षण दल के साथ सारागांव देवरी बाराद्वार जेठा सक्ती के मध्य नई चौथी लाइन का मोटर ट्रॉली से निरीक्षण किया।

